Website : www.highwaychannel.in
छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 211 ▫ रायपुर, सोमवार 25 अगस्त 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## हूटर बजाते दो कारों में पहुंचे दर्जनभर नकाबपोश 'खूनी संघर्ष' के बाद छावनी में तब्दील हुआ गांव



**दुर्ग,** 25 अगस्त (हाईवे चैनल)। दुर्ग जिले के धमधा थाना अंतर्गत घोटवानी गांव में रविवार सुबह अचानक अफरातफरी का माहौल बन गया, जब हूटर बजाते हुए दो कारों में सवार दर्जनों नकाबपोश बदमाश गांव में घुस आए। बदमाशों ने कोमल वर्मा के घर पर धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में घर की महिलाओं को चाकू से गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। अचानक हुए इस हमले से गांव में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए बदमाशों का डटकर सामना किया। साहसिक प्रयास में एक बदमाश को बाड़ी से, दूसरा पंचु वर्मा के घर से पकड़ा गया, जबकि तीसरा पुलिस के हत्थे चढ़ गया। अब तक कुल चार बदमाशों को गिरफ्तार किया जा चुका है, लेकिन इस घटना का मुख्य सरगना अब भी फरार है।

बताया जा रहा है कि गांव में बंदर भगाने को लेकर हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया, जिसके चलते यह खूनी संघर्ष हुआ। घटना की गंभीरता को देखते हुए गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर मौजूद हैं, और तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है।घटना के बाद गांव में भय और आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है और पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। वहीं सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी का कहना है कि मुख्य सरगना की तलाश जारी है और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एनडीए में सुलझा सीट बंटवारे का फॉर्मूला, बराबर-बराबर सीटों पर लड़ेगी भाजपा और जदयू




**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (न्यूज चैनल)। बिहार में विधानसभा चुनाव बस कुछ ही महीने दूर हैं। ऐसे में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सीट बंटवारे पर बातचीत के अंतिम चरण में है। सूत्रों के अनुसार, भाजपा और जनता दल (यूनाइटेड) के बीच लगभग सहमति बन गई है। सूत्रों की ओर से दावा किया जा रहा है कि दोनों प्रमुख सहयोगी दल कुल 243 सीटों में से बराबर-बराबर, 100 से 105 सीटों पर चुनाव लड़ सकते हैं। चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), या लोजपा (आरवी) को लगभग 20 सीटें मिलने की संभावना है। लोजपा (आरवी) की ओर से 40 सीटों की मांग की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक बाकी सीटें जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान आवाम मोर्चा (सेक्युलर) और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) को मिलने की उम्मीद है। हालांकि, अगर मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी), जो वर्तमान में राजद-कांग्रेस महागठबंधन के साथ गठबंधन में है, पाला बदल लेती है तो समीकरण बदल सकते हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव में, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जेडी(यू) ने 115 और भाजपा ने 110 सीटों पर चुनाव लड़ा था।

उस समय, एनडीए का हिस्सा वीआईपी ने 11 और हम (एस) ने सात सीटों पर चुनाव लड़ा था, जबकि लोजपा ने अकेले 135 सीटों पर चुनाव लड़ा था। जेडी(यू) की 43 सीटों के मुकाबले 74 सीटें जीतकर भाजपा एक मज़बूत सहयोगी के रूप में उभरी। लेकिन इसके बावजूद, सूत्रों का कहना है कि जेडी(यू) इस बार 100 से कम सीटें स्वीकार करने को तैयार नहीं है। भाजपा और जदयू के बीच सीट बंटवारे पर बातचीत काफी हद तक सुलझ गई है, जिसमें लोजपा (रालोद) विवाद का मुख्य मुद्दा है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### ओडिसा से गांजा ले जाते रेलवे स्टेशन में दबोचा गया तस्कर

**रायपुर,** 25 अगस्त (हाईवे चैनल)। रायपुर रेलवे स्टेशन पर आबकारी विभाग और आरपीएफ टीम ने संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है. टीम ने लाखों रुपए के मादक पदार्थ गांजा के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है. पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गांजा ओडिशा के जोडिंगा से सड़क मार्ग के जरिए रायपुर लाया था और इसे मुंबई ले जाने की तैयारी में था. वह मुंबई जाने वाली ट्रेन का इंतजार कर रहा था, तभी उसे पकड़ लिया गया. जानकारी के मुताबिक, रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर खंभा नंबर 40 के पास संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर तलाशी अभियान चलाया. इस दौरान एक व्यक्ति को एक बैग के साथ पकड़ा गया. पूछताछ में आरोपी ने उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले का निवासी मोहम्मद अशलम होना बताया. आरोपी के साथ रखे बैग की तलाश के दौरान भीतर से 7 पैकेट में 16.65 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ.

### निक्की हत्याकांड : पति-सास के बाद अब जेठ की भी गिरफ्तारी, घटना के बाद से था फरार

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (न्यूज चैनल)। ग्रेटर नोएडा में हुए निक्की हत्याकांड में पुलिस ने अब तीसरे आरोपी रोहित भाठी को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले पुलिस निक्की के पति विपिन और उसकी सास को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। रोहित की गिरफ्तारी सोमवार को सिरसा टोल प्लाजा के पास से की गई। रोहित, मृतका निक्की का जेठ (बड़ी बहन का पति) है और घटना के दिन से ही फरार चल रहा था।

निक्की की हत्या के मामले में 22 अगस्त को थाना कासना में शिकायत दर्ज की गई थी। इसके बाद से पुलिस आरोपी रोहित की तलाश में लगी थी। पुलिस को गुप्त सूचना और मैन्युअल इंटेलिजेंस की मदद से सोमवार को सफलता मिली और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले रविवार को निक्की के पति विपिन को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन यह गिरफ्तारी भी आसान नहीं थी। जब पुलिस उसे घटना में इस्तेमाल किए गए ज्वलनशील पदार्थ की बरामदगी के लिए ले जा रही थी, तो रास्ते में विपिन ने एक पुलिसकर्मी की पिस्टल छीन ली और भागने लगा। भागते वक्त उसने पुलिस पर फायरिंग भी कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई और विपिन के पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

## भक्तों से भरी ट्रॉली पर कहर बना तेज रफ्तार कंटेनर, चीख-पुकार के बीच थमीं 8 की सांसें, दर्जनों गंभीर घायल



**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के खुर्जा क्षेत्र में आज एक भीषण सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई और अन्य 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह दुखद घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 34 पर अरनिया क्षेत्र के घटाला गांव के पास उस समय हुई जब एक तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली कासगंज जिले के सोरों थाना क्षेत्र के रफयादपुर गांव से लगभग 60 श्रद्धालुओं को लेकर जा रही थी। यह समूह राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में गोगामेड़ी मंदिर में धार्मिक यात्रा के लिए जा रहा था। सोमवार तड़के (25 अगस्त) लगभग 2 बजे, जैसे ही ट्रैक्टर-ट्रॉली घटाला गांव के पास पहुंची, तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक ने वाहन के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी, जिससे श्रद्धालु अलग-अलग दिशाओं में गिर गए। पुलिस की टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं और एम्बुलेंस तथा राहगीरों की मदद से घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया। कुल 29 घायलों को कैलाश अस्पताल, 18 को मुनि सीएचसी और 10 को जटिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। कैलाश अस्पताल के डॉक्टरों ने 2 बच्चों समेत 6 लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि मुनि सीएचसी में 2 और लोगों की मौत हो गई।

## रायपुर एयरपोर्ट में लावारिस बैग मिलने से मचा हड़कंप



**रायपुर,** 25 अगस्त (हाईवे चैनल)। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एंट्री गेट के पास अचानक लावारिस बैग मिला. सूचना के बाद मौके पर सीआईएसएफ की टीम मौके पर पहुंची. बम डिस्पोसेबल टीम को बुलाकर जांच की जा रही है. जानकारी के मुताबिक, यह मामला माना थाना इलाके का है. रविवार की देर रात रायपुर एयरपोर्ट के एंट्री गेट के पास बने उबर टैक्सी काउंटर के समीप लावारिस बैग रखा हुआ था, जिससे हड़कंप मच गया. मौके पर तुरंत सीआईएसएफ की बम डिस्पोजल टीम बुलाकर एरिया कवर कर के बैग की जांच-पड़ताल की गई. फिलहाल एयरपोर्ट के अन्य परिचालन सामान्य रूप से जारी है और यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई है।

## टमाटर चोरी करने घुसे खेत में, करंट की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौत



**कवर्धा,** 25 अगस्त (हाईवे चैनल)। जिले के रणवीरपुर चौकी अंतर्गत कोहड़िया गांव में बीती रात एक दर्दनाक हादसा हो गया. खेत में लगे हाईटेंशन करंट की चपेट में आने से पिता और पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, मृतक जहुरु निषाद और उसका बेटा श्रवण निषाद खेत में टमाटर चोरी करने घुसे थे. इसी दौरान खेत मालिक विशाल पटेल के फसल की सुरक्षा के लिए चारों ओर लगाए गए हाईटेंशन तार की चपेट में आने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई.सुबह जब खेत मालिक खेत पर पहुंचा तो दोनों के शव जमीन पर पड़े मिले। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए लोहारा भेज दिया. इधर घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई है. मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## बिलासपुर रेलवे डिपो में करंट युवक की हालत नाजुक



**बिलासपुर,** 25 अगस्त (हाईवे चैनल)। बिलासपुर रेलवे कोचिंग डिपो में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। वंदे भारत ट्रेन के एक्स्ट्रा कोच की धुलाई करते समय ठेका कर्मी युवक 133केवी हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। युवक का नाम प्रताप बर्मन बताया जा रहा है, जो जांजगीर-चांपा जिले का निवासी है। हादसे का लाइव वीडियो सामने आने के बाद रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के मुताबिक, प्रताप बर्मन एक ठेका कंपनी के तहत डिपो में कोच की सफाई का काम करता था। धुलाई के दौरान अचानक ऊपर से गुजर रहे हाई वोल्टेज तार से उसका संपर्क हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उसी समय किसी ने लाइन चालू कर दी थी। हादसे के बाद प्रताप बुरी तरह झुलस गया और दर्द से तड़पता रहा। साथी कर्मचारियों ने तत्काल उसे रेलवे अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर सिम्स रेफर किया गया। इसके बाद परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। सहकर्मियों ने आरोप लगाया है कि यह हादसा रेलवे अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा है। उनका कहना है कि उचित सुरक्षा इंतजाम और बिजली लाइन बंद कराने की प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। वहीं, रेलवे अफसरों का कहना है कि फिलहाल घायल के इलाज पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, इसकी जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद जो भी जिम्मेदार पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने संभाला कार्यभार



**कार्यालय से पहले दूधाधारी मंदिर में की पूजा-अर्चना, महंत से राम सुंदर दास से लिया आशीर्वाद**

**रायपुर,** 25 अगस्त (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के नए शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने आज मंत्रालय का कार्यभार संभालने से पहले परंपरागत तरीके से दूधाधारी मठ जाकर पूजा-अर्चना की और महंत राम सुंदर दास का आशीर्वाद लिया.

शपथ ग्रहण के बाद पहली बार मंत्रालय पहुंचने से पहले मंत्री यादव ने कहा - आज पूजा-पाठ कर अपने बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया है. शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करेंगे. बच्चों से भी मुलाकात हुई, वे काफी उत्साहित हैं. आने वाले समय में और भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी. इसके बाद शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने मंत्रालय स्थित अपने कक्ष में पूजा-अर्चना कर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया. कार्यभार संभालते ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों की बैठक बुलाने की घोषणा की.

## हमारे पास 11 महीने के निर्यात को कवर करने जितना विदेशी मुद्रा भंडार : संजय मल्होत्रा




**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (न्यूज चैनल)। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11 महीने के व्यापारिक निर्यात को कवर करने के लिए पर्याप्त रूप से मजबूत है, इससे अर्थव्यवस्था को वैश्विक झटकों के खिलाफ सुरक्षा मिलेगी।भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को मुंबई में वार्षिक बैंकिंग सम्मेलन एफआईबीएसी 2025 में यह बात कही।

उन्होंने कहा, हमारे पास बहुत मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार है, हमारे पास उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों के अनुसार 695 बिलियन डॉलर है। यह 11 महीने के व्यापारिक निर्यात को कवर करने के लिए पर्याप्त है। यह ध्यान देने देने वाली बात है कि आरबीआई आमतौर पर विदेशी मुद्रा भंडार को आयात के आधार पर मापता है, निर्यात के आधार पर नहीं। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने केंद्रीय बैंक के नियमों यानी विनियमों की समीक्षा के लिए एक नियामक समीक्षा प्रकोष्ठ बनाने की बात कही है। आरबीआई गवर्नर ने कहा है कि प्रस्तावित प्रकोष्ठ 5-7 वर्षों में कम से कम एक बार सभी विनियमों की समीक्षा करेगा। मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा कि केंद्रीय बैंक मूल्य स्थिरता व आर्थिक विकास के उद्देश्य से मौद्रिक नीति का संचालन जारी रखेगा। मल्होत्रा ने कहा कि हम वित्तीय स्थिरता को मजबूत करना जारी रखेंगे, यह हमारा प्राथमिक उद्देश्य है।




चूहा- सुनती हो, दीपक बैज पूछ रहे हैं सीएम के जापान जाने से प्रदेश को क्या फायदा?

चुहिया- हां जी, वो तो आने के बाद पता लगेगा?